मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 147 ■ मंगलवार, 27 अगस्त 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**रिमी सेन ने 50 करोड़ मुआवजे की मांग की**

## क्राइम डायरी...

### कपड़े बदलते हुए महिला का बनाया वीडियो, FIR दर्ज

**ठाणे.** शहर के चितलसर इलाके में आभूषण की एक दुकान के ड्रेसिंग कक्ष में एक महिला कर्मचारी का कपड़े बदलते समय कथित तौर पर वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. चितलसर पुलिस थाना के अधिकारी ने बताया कि यह घटना 23 अगस्त की रात की है जब महिला कर्मचारी चितलसर इलाके में स्थित दुकान में अपनी ड्यूटी खत्म कर कपड़ा बदल रही थी. उसे लगा कि कोई उसे देख रहा है और उसने एक व्यक्ति को ड्रेसिंग कक्ष के एक छोटे-से छेद के जरिए अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाते हुए देखा. इसके बाद महिला ने शोर मचाया और ड्रेसिंग कक्ष से बाहर निकल गयी.

# उल्हासनगर में डेंगू का प्रकोप

**स्वास्थ्य** — **काबू पाने में मनपा प्रशासन का स्वास्थ्य विभाग विफल**

**उल्हासनगर.** ऐसा लग रहा है कि महानगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग शहर में डेंगू की बीमारी पर काबू पाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है. उल्हासनगर शहर में डेंगू ने सचमुच अपनी पकड़ बना ली है। मनपा स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा पत्रकारों को मामले की गहराई से जानकारी न देकर आधी-अधूरी जानकारी देकर समय बर्बाद कर रही हैं। लेकिन शहर में फैल रही डेंगू की बीमारी से नागरिकों में भय का माहौल बन गया है.



महानगर पालिका स्वास्थ्य विभाग के लिए स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निवारक उपाय करना आवश्यक है। इस साल मानसून की शुरुआत में डेंगू के मरीजों की संख्या बहुत कम थी, जो हर दिन बढ़ती जा रही है। सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या और जिन्होंने डेंगू के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है. मनपा स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मात्र 07 पॉजिटिव एवं 35 संदिग्ध एवं मात्र 08 मरीज ही मलेरिया से संक्रमित हैं। हालांकि, अस्पताल चलाने वाले एक वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उल्हासनगर 4 नंबर क्षेत्र के एक ही निजी अस्पताल में डेंगू के 3 पॉजिटिव मरीज हैं।

### गंभीरता को समझें मनपा प्रशासन




मनपा प्रशासन के लिए जरूरी है कि वे इसकी गंभीरता को समझें और मनपा के स्वास्थ्य विभाग को विश्वास में लेकर तुरंत ठोस कदम उठाएं। अन्यथा स्थिति को काबू से बाहर जाने से कोई रोक नहीं सकता. इस जानलेवा बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त स्वास्थ्य विभाग डॉ. सुभाष जाधव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा एहतियाती कदम उठाते हुए केंद्र के राष्ट्रीय संक्रामक रोग निवारण संस्थान द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सभी उपाय तुरंत करना आवश्यक है। तभी डेंगू के खतरे को कम करने में मदद मिलेगी. यदि ऐसा नहीं किया गया तो उल्हासनगर शहर में डेंगू की बीमारी तेजी से बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता.

# 100 किलो गोमांस ले जाते पति-पत्नी गिरफ्तार




- बजरंग दल की शिकायत पर कार्रवाई
- सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज
- रिक्शा में जब्त किया गोमांस

**उल्हासनगर.** सेंट्रल पुलिस ने रविवार सुबह एक रिक्शा में 100 किलो गोमांस ले जाते समय एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे तेज बारिश के दौरान एक महिला बड़ा बैग लेकर रिक्शे में बैठी थी. जब इसकी जानकारी बजरंग दल के कुछ सदस्यों को हुई तो वे मौके पर पहुंचे और फिर पुलिस को सूचना दी और उनकी मदद से रिक्शा रुकवाया. जांच के दौरान दो बोरियों में 100 किलो तक गोमांस बरामद हुआ और सेंट्रल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है. पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार पुरुष और महिला पति-पत्नी हैं. पुलिस ने रिक्शा भी जब्त कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है.

# मानेरे गांव में पुलिस को मिली लावारिस लाश

- पूरी तरह सड़ चुका है शव
- शिनाख्त की अपील

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी थाने की हद में मानेरे गांव, उल्हासनगर-4 में पुलिस को एक पुरुष की लावारिस लाश मिली है, जिसके सर और चेहरे का बाग पूरी तरह से सड़-गल चुका है. 23 अगस्त को ये लावारिस लाश, मानेरे गांव में विठ्ठल रखुमाई मंदिर के पास की झाड़ियों में 30 से 40 मीटर अंदर की ओर मिली है. लाश के बदन पर पीले, लाल रंग का हाफ टी शर्ट, काले रंग का ट्रैक पैंट, पैर में काले रंग की सैंडल है. कमर में काले रंग का धागा बंधा है. बाएं हाथ में रिंग फिंगर पहने हुए है. इसकी आयु 30 से 40 वर्ष की करीब है. चेहरा पूरी तरह सड़ गया है. विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक खोचरे ने लोगों से आह्वान किया है कि इस लावारिश लाश के बारे में अगर किसी को जानकारी है तो वह पुलिस से संपर्क करे. अज्ञात पुरुष के शव को पोस्टमार्टम के लिए जेजे अस्पताल मुंबई भेजा गया है.

# आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



- बदलापुर यौन-शोषण केस

**उल्हासनगर.** बदलापुर के आदर्श विद्यालय में दो बच्चियों के साथ यौन शोषण करने वाले आरोपी अक्षय शिंदे को आज कल्याण सत्र न्यायालय में पेश किया गया और माननीय न्यायाधीश ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

इससे पहले 21 अगस्त को जब आरोपी शिंदे को कल्याण अदालत में पेश किया गया तो तत्कालीन न्यायाधीश वी.ए. पात्रावाले ने उन्हें 26 अगस्त तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया था. आज पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया. अदालत की सुनवाई के दौरान सुरक्षा कारणों से कल्याण अदालत के बाहर और भीतर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

### शिक्षा मंत्री बोले- वारदात के दिन का CCTV फुटेज गायब है



इधर, महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने स्कूल के CCTV फुटेज से छेड़छाड़ की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन का CCTV फुटेज गायब है। कुल 15 दिन का फुटेज डिलीट किया गया है।
दरअसल, 12-13 अगस्त को एक निजी स्कूल में केजी क्लास की 2 बच्चियों से यौन शोषण की घटना हुई थी। मामले की जानकारी 20 अगस्त को सामने आई। जांच के लिए SIT का गठन किया गया है। इसके बाद बदलापुर के हजारों लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किया। लोकल ट्रेनों को रोका गया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। 72 लोगों को अरेस्ट किया गया। 17 पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

# अंबरनाथ में रैपिड एक्शन फोर्स का रूट मार्च

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में कानून व्यवस्था बरकरार रहे और कोई अनुचित प्रकार ना हो, इसके लिए रैपिड एक्शन फोर्स एवं शहर पुलिस ने रूट मार्च किया. बदलापुर में अल्पवयीन लड़की के साथ अत्याचार प्रकरण में बदलापुर बंद आंदोलन में हिंसक रूप अपना लिया था. बदलापुर के पड़ोसी शहर अंबरनाथ में शांतता और कायदा सुव्यवस्थित अबाधित रहे एवं मंगलवार को दही हंडी त्यौहार को देखते हुए रैपिट एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन से वांद्रा पाड़ा, कोहोज गांव, उलन चाल, केबी सड़क, विमको नाका, गांवदेवी, खुंटवली तक रूट मार्च किया. बारिश ज्यादा होने के कारण पुलिस के कई जीप के अलावा रैपिड एक्शन के जवानों ने अपनी वाहनों में सायरन बजाते हुए रूट मार्च किया है.

आपको बता दें कि बदलापुर में जो वारदात हुई है, रेलवे पुलिस ने सैकड़ों लोगों को आरोपी बनाया है, जिसमें अंबरनाथ के एक पूर्व नगरसेवक और कईयों के नाम हैं. नगरसेवक को पकड़ने के लिए पुलिस उनके घर तक गई थी, लेकिन वह उन्हें नहीं मिले. रूट मार्च में वज्र दंगल नियंत्रण वाहनों का भी समावेश है.

# कल्याण में अवैध मांस विक्रेताओं के खिलाफ कडोंमपा की कार्रवाई

- मांस काटने के उपकरण और चाकू जब्त

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा बाजार लाइसेंसिंग विभाग की टीम ने कल्याण क्षेत्र के आंबिवली, कोलसेवाड़ी, आनंदवाड़ी, मोहने इलाकों में दस से अधिक अवैध मांस विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की, जो बाजार लाइसेंसिंग विभाग से अनुमति लिए बिना खुले में अवैध मांस बेच रहे थे। इन विक्रेताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई और टीम ने उनके पास मौजूद सभी मांस काटने के उपकरण और चाकू जब्त कर लिए।

पिछले तीन महीनों में मार्केट लाइसेंसिंग विभाग द्वारा यह तीसरी बार आक्रामक कार्रवाई की गई है। इससे पहले मार्केट लाइसेंसिंग विभाग नेतिवली, गोविंदवाड़ी, बाजार इलाकों में कार्रवाई की थी. मार्केट लाइसेंसिंग विभाग के सहायक आयुक्त प्रसाद ठाकुर को कोलसेवाड़ी, मोहने, आनंदवाड़ी इलाकों में मांस की अवैध रूप से खुली बिक्री की शिकायतें मिली थीं. इन शिकायतों का सीधे सत्यापन करने के लिए सहायक आयुक्त ठाकुर के साथ टीम ने पहले जगह का निरीक्षण किया। इसके बाद अचानक संबंधित इलाके में कार्रवाई की गयी और अवैध मांस विक्रेताओं के सामान और चाकू जब्त कर लिये गये. उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गयी.

इन दुकानों से बड़े जानवरों का मांस बेचा जाता था। खुले में मांस बेचे जाने से राहगीरों और क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही थी। नागरिकों की मांग है कि मार्केट लाइसेंसिंग विभाग द्वारा मांडा, टिटवाला, बाल्याणी, बनेली, शिलफाटा क्षेत्र की दुकानों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जानी चाहिए.

# बदलापुर मामले की जांच में बहुत खामियां

**गलत एफआईआर से आरोपी को फायदा : एड. असीम सरोदे**

**कल्याण.** बदलापुर मामले को लेकर राज्य भर के नागरिक अब भी गुस्सा जाहिर कर रहे हैं. इस मुद्दे पर महाविकास अघाड़ी और महायुति के नेता आरोप-प्रत्यारोप करते नजर आ रहे हैं. इस मामले में आरोपी अक्षय शिंदे को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पीड़ित लड़की की ओर से वकील असीम सरोदे ने वकालतनामा दायर किया. इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए असीम सरोदे ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं.



बदलापुर मामले में पुलिस की जांच में कई खामियां हैं. पुलिस द्वारा दर्ज की गई झूठी एफआईआर से आरोपी को फायदा हो रहा है। ऐसी भावना है कि पीड़ित लड़कियों को न्याय मिलना चाहिए. मैं यहां ये समझने आया हूं कि इसमें क्या बाधाएं हैं. जब वह कोर्ट में आया तो पुलिस की जांच देख कर हैरान रह गया. पुलिस ने इस मामले में गलत धाराएं लगाई हैं. असीम सरोदे ने दावा किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पुलिस को पर्याप्त जानकारी नहीं मिली.

### पुलिस पर राजनीतिक दबाव!

पुलिस पर राजनीतिक दबाव है. पुलिस ने पीड़ित लड़कियों के माता-पिता की बात ठीक से नहीं सुनी. वकीलों के आग्रह के बाद पुलिस ने चार्जशीट में धारा 6 जोड़ दी. अब वकीलों ने POCSO की धारा 9 लगाने की मांग की है, इसे लगाया जाएगा. पुलिस की एफआईआर में नई धाराएं जोड़ी जा रही हैं. इसे देखकर साफ है कि पुलिस ने ठीक से जांच नहीं की. बिना पर्याप्त जानकारी के असंवेदनशील तरीके से जांच कर एफआईआर दर्ज की गई. असीम सरोदे ने आरोप लगाया कि अगर पीड़ित लड़कियों को न्याय नहीं मिलता है तो इसकी वजह पुलिस द्वारा दर्ज की गई गलत एफआईआर है.

इस बीच, मामला सामने आने के बाद कई लोगों का मानना है कि स्कूल की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण है। कई लोग कह रहे हैं कि स्कूल जारी रखना जरूरी है. लेकिन क्या स्कूल की प्रतिष्ठा लड़कियों के शोषण से ज्यादा महत्वपूर्ण है? पुलिस की ओर से कहा जा रहा है कि बच्चियों से दरिंदगी करने वाले सफाई कर्मचारी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. कहा जाता है कि उन्हें खुद नहीं पता कि उन्होंने क्या किया. पुलिस का इस तरह से जानकारी देना असंवेदनशीलता का प्रतीक है. आरोपियों को बचाने की कोशिश गलत है. असीम सरोदे ने कहा कि मैं इस संबंध में कोर्ट में बहस करूंगा.

# शातिर चेन स्नेचर चढ़ा पुलिस के हत्थे



- 45 मामले हैं दर्ज
- 10 अपराध उजागर

**ठाणे.** शातिर चेन स्नैचर गुलाम अली उर्फ नादर सरताज जाफरी (40) को कपूरबावडी में ठाणे पुलिस बल की वागले यूनिट -5 द्वारा गिरफ्तार किया गया है. जिस पर ठाणे, मुंबई या पुणे, नासिक, अहमदनगर, गुजरात, तमिलनाडु के पुलिस स्टेशनों में 45 मामले दर्ज हैं. उसकी गिरफ्तारी से ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय में 10 अपराधों का खुलासा हुआ है और 03 लाख 13 हजार 325 रुपये का माल जब्त किया गया है. वह कल्याण, आंबिवली का निवासी है. कापुरबावड़ी थाने में चेन चोरी का मामला दर्ज हुआ था. उस अपराध की समानांतर जांच में वागले यूनिट-5 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विकास घोडके को मिली जानकारी के आधार पर शातिर चेन चोर को हिरासत में लिया गया. जाफरी अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर उनके गले से सोने की चेन खींचकर भाग जाता था। साथ ही, ठाणे शहर पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्यों में कुल 45 ऐसे मामले दर्ज किए गए हैं।

# अंबरनाथ में भाजपा द्वारा मंगलागौर स्पर्धा का आयोजन

- 35 महिलाओं ने ग्रुप में लिया भाग
- देवेंद्र फडणवीस को राखी भेजी गई

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को महिलाओं का मंगलागौर महास्पर्धा का आयोजन महात्मा गांधी विद्यालय सभागृह में हुआ. इस महास्पर्धा में 35 महिलाओं के कला ग्रुप ने भाग लिया. सभागृह में महिलाएं मराठी संस्कृति को दर्शाती हुई पहनावे को पहनकर आई थी.

दोपहर में भाजपा के प्रदेश सचिव गुलाबराव करंजुले पाटिल, पूर्व अध्यक्ष भाजपा अभिजीत करंजुले, व्यापारी अध्यक्ष खानजी धल, संजय आदक व भाजपा के नेता उपस्थित थे.



महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य पेश करते हुए उपस्थितों तक अनेक समाज सुधारक पैगाम दिए. एक महिलाओं के ग्रुप ने आखिर में ये पैगाम दिया कि बदलापुर में जो हुआ वह भयानक है. अंबरनाथ शहर को इससे बचाना है. सामाजिक विषयों पर भी पैगाम महिलाओं के ग्रुप ने दिया. मंगलागौर महास्पर्धा में प्रथम आने वाले ग्रुप को 21 हजार रुपए और दूसरे क्रमांक पर रहे ग्रुप को 11 हजार रुपयों का पारितोषिक प्रदान किया गया. खानजी धल की धर्मपत्नी मंजू धल के जन्मदिन के उपलक्ष में 50 महिलाओं को दीवार घड़ी भेंट में दी गई. कार्यक्रम का आयोजन राजेंद्र कुलकर्णी, दत्ता देशमुख, दीपक कोतेकर, विजय सुर्वे, लक्ष्मी चव्हाण, रूपाली लठ्ठे, उज्ज्वला कबरे, वृंदा पटवर्धन, कंचन मिश्रा, रीना मोरे, ममता त्रिपाठी, सुरेखा शाह, ज्योति डोंगरे आदि ने किया. महिलाओं द्वारा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राखी भेजी गई. फडणवीस ने महाराष्ट्र में लाडकी बहन योजना को लाया है, ऐसा संजय आदक ने बताया है.

# दुष्कर्मियों को 21 दिन में सजा देने का कानून बने



- विधायक सरनाईक ने विधानसभा में की मांग

**ठाणे.** हर साल की तरह इस साल भी दहीहंडी का उत्सव बड़े पैमाने पर मनाया जायेगा। इस बार पहले नौ थर हंडी के लिए गोविंदा पथक के लिए 11 लाख रुपये का इनाम और आकर्षक सम्मान चिन्ह रखा गया है। इस कार्यक्रम में फिल्मी सितारों के साथ राजनेता उपस्थित रहेगें।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि देश सहित महाराष्ट्र में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते ही जा रहा है। दुष्कर्म की घटनाओं पर पाबंदी लगाने के लिए साल 2019 में नागपुर अधिवेशन में भारत के दंड संहिता 1860 व फौजदारी प्रक्रिया 1973 में करने के लिए विधानसभा में विधेयक क्रमांक 50 विधायक सरनाईक ने उठाया था।आंध्रप्रदेश राज्य ने कलम 376 व 376 अ में सुधार किया है। जिसमें महिलाओं पर अत्याचार होने पर आरोपी पर सजा की सुनवाई करने के लिए कानून पारित किया है। महिला के शिकायत दर्ज करने के 7 दिन के भीतर जांच कर 14 दिन में न्यायालय के तहत 21 दिन में आरोपी को सजा देने के लिए अनिवार्य है। इसी तरह से महाराष्ट्र में भी कानून व्यवस्था की जरूरत है। दहीहंडी के दिन स्क्रीन पर पास हुए विधेयक को दिखाया जायेगा।

### संस्कृति युवा प्रतिष्ठान की ओर से 25 लाख का इनाम

दहीहंडी उत्सव के नाम से विख्यात वर्तक नगर में सांस्कृतिक दहीहंडी का आयोजन किया जायेगा। 9 थर लगाने वाले गोविंदा को 5 लाख इनाम व आकर्षक ट्राफी,8 थर लगाने वाले गोविंदा को 25 हजार व ट्राफी, 7 थर लगाने वाले गोविंदा को 15 हजार व ट्राफी,6 थर गोविंदा को 10 हजार व ट्राफी, 5 थर गोविंदा को 5 हजार व ट्राफी देकर सम्मान होगा। मुंबई, ठाणे के महिला गोविंदा पथक को विशेष सम्मान व विशेष ईनाम दिया जायेगा।विधायक प्रताप सरनाईक के संस्कृति युवा प्रतिष्ठान की ओर से इस साल विश्वविक्रमी गोविंदा पथक को 25 लाख रुपये का ईनाम मिलेगा।इस बार इस पर्व पर सार्वजनिक अवकास की घोषणा सरकार ने किया है।सरकार ने गोविंदा के लिए 75 हजार का मुफ्त में विमा देगी।इस गोविंदा में अपघात मुक्त गोविंदा का प्रयत्न करने के लिए आवाहन सरनाईक ने किया है।संस्कृती प्रतिष्ठान आयोजित दहीहंडी उत्सव को युवा पीढ़ी को प्रोत्साहन देने के लिए फोटोग्राफी स्पर्धा का किया गया है यह बात युवासेना कार्याध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने कहा।

# 9 शमशान भूमियों की होगी कायापलट

- नवीनीकरण के लिए 20 करोड़ की राशि स्वीकृत

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महापालिका क्षेत्र में कुल 65 शमशान भूमि हैं, जिनमें 26 कल्याण में और डोंबिवली में 39 शमशान भूमि हैं। चूंकि इनमें से अनेक शमशान भूमि बीते कई वर्षों से अस्तित्व में होने के चलते उनके नवीनीकरण और मरम्मत की आवश्यकता है। लिहाज़ा महापालिका की आयुक्त डॉ.इंदुरानी जाखड़ ने शमशान भूमि के नवीनीकरण के निर्देश दिए हैं।



मनपा क्षेत्र में स्थित 9 शमशान घाटों की मरम्मत के लिए आयुक्त डॉ.इंदुरानी जाखड़ ने 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।जिसके माध्यम से कल्याण की आधारवाड़ी, बैलबाजार, मुरबाड रोड (प्रेम ऑटो), विठ्ठलवाड़ी, टिटवाला में गणेश मंदिर के पीछे वाली शमशान भूमि और डोंबिवली के शिव मंदिर, पाथरली, कोलेगांव और हेदुटनेपाड़ा की शमशान भूमि का नवीनीकरण किया जाएगा। नवीनीकरण में लकड़ी भंडारण के लिए स्टोर रूम, अंतिम संस्कार के लिए आने वाले नागरिकों के लिए बैठने की व्यवस्था, सुसज्जित शौचालय का निर्माण, केयर टेकर रूम का निर्माण, स्मोक न्यूसंस सिस्टम की स्थापना आदि के साथ आधुनिक आरसीसी संरचना का निर्माण आदि कार्य शामिल है।इसके अलावा बाकी शमशान भूमि के नवीनीकरण के लिए भी सरकार को प्रस्ताव सौंपा जाएगा और यदि मूलभूत सेवा सुविधा के तहत या अन्य माध्यम से निधि प्राप्त होने पर सभी शमशान भूमि को चरणबद्ध तरीके से सुधारने की बात आयुक्त डॉ.जाखड़ ने कही।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## स्टेट बोर्ड की स्थिति ज्यादा चिंताजनक

हर वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के परिणाम आने के बाद आमतौर पर विश्लेषण का केंद्र होता है कि कितने विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की, कौन सबसे अव्वल रहा। इसके इर्द-गिर्द होने वाली बातचीत और इससे पैदा होने वाली उम्मीद को स्वाभाविक कहा जा सकता है, क्योंकि सभी अभिभावक यही चाहते हैं कि उनका बच्चा परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो, बल्कि सबसे ज्यादा नंबर लाए। मगर इस बीच जो विद्यार्थी कम अंक ला पाते हैं या फिर किन्हीं वजहों से अपनी कक्षा की परीक्षा में पास होने के लिए निर्धारित अंक हासिल नहीं कर पाते हैं, वे मुख्यधारा की बहसों या विमर्श के दायरे से बाहर होते हैं। जबकि जो बच्चे परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं या फिर जिन्हें बहुत कम अंक मिलता है, वे भी इसी समाज और शिक्षा व्यवस्था के हिस्से होते हैं और परिणाम में उन्हें मिले अंक यही दर्शाते हैं कि उनकी पढ़ाई में कहीं कमी रह गई। सवाल है कि क्या इसके लिए केवल फेल होने वाला बच्चा जिम्मेदार होता है या फिर उसकी पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके की भी कोई भूमिका होती है!

गौरतलब है कि पिछले वर्ष देश भर में दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा में पैंसठ लाख से ज्यादा विद्यार्थी फेल हो गए थे। केंद्रीय बोर्ड के मुकाबले राज्य बोर्डों में विफलता की यह दर ज्यादा चिंताजनक थी। यह दुखद तस्वीर खुद शिक्षा मंत्रालय की एक रपट में सामने आई है, जिसके मुताबिक फेल होने वालों में दस लाख ऐसे विद्यार्थी हैं, जो परीक्षा देने गए ही नहीं।

यह स्थिति यही बताती है कि अभी बहुत कुछ ऐसा किया जाना बाकी है जो स्कूली शिक्षा के दायरे में आने वाले बच्चों की पढ़ाई-लिखाई को गुणवत्ता आधारित बना सके और नतीजों की तस्वीर बदल सके। छिपा नहीं है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में से ज्यादातर अपेक्षया कमजोर तबके से आते हैं। स्कूलों में गुणवत्ता आधारित शिक्षा सुनिश्चित कराने का काम अभी भी अधूरा है। ऐसे भी बहुत सारे बच्चे हैं, जो अपनी पारिवारिक स्थितियों की वजह से स्कूल नहीं जा पाते या बीच में ही उनकी पढ़ाई छूट जाती है। सवाल है कि देश भर में शिक्षा की इस सूरत की जिम्मेदारी किसकी है!

# इंटरनेट सेवा पर पाबंदी लगा देने से नहीं थमेंगे उपद्रव

यह अफसरशाही और पुलिस का नया नजरिया है। वे मानते हैं कि आज के दौर में अशांति की जान जिस तोते में बसती है, उसका नाम है इंटरनेट। इसलिए कहीं भी गड़बड़ी की आहट मिलते ही सबसे पहले वहां इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी जाती है। यह मान लिया जाता है कि अगर इंटरनेट नहीं चलेगा, तो अफवाहें भी नहीं फैलेंगी और लोगों के गुस्से को भुनाकर उन्हें एकत्र करने के टूलकिट बेमतलब हो जाएंगे। हमारे पास ऐसा कोई अध्ययन नहीं, जिससे पता चल सके कि प्रशासन का यह तरीका वास्तव में कितना कारगर होता है। फिर भी इसका इस्तेमाल आए दिन होता रहता है।

पिछले दिनों महाराष्ट्र के बदलापुर में दो छोटी बच्चियों पर यौन हमले की खबर आई, तो इस छोटे से नगर के लोग भड़क उठे। इससे पहले कि पुलिस हिंसा करने वालों को गिरफ्तार करती, प्रशासन ने सबसे पहले पूरे इलाके की इंटरनेट सेवाएं बंद कर दीं। अभी कुछ ही दिन पहले इंटरनेट बंद करने की ऐसी ही खबर ओडिशा के बालासोर में दंगे की कुछ घटनाओं के बाद भी आई थी। मणिपुर और कश्मीर तो देश के दो ऐसे इलाके हैं, जो कई-कई महीनों के लिए इंटरनेट की मुख्यधारा से कटे रह चुके हैं। पिछले साल मणिपुर में तो लगातार पांच हजार घंटे से भी ज्यादा समय तक के लिए इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी गई थीं। इसके अलावा भी देश भर में 2023 में 30 मौकों पर इंटरनेट सेवाओं को बाधित किया गया था। पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय संस्था 10वीपीएन ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसमें इंटरनेट सेवाएं ठप करने के मामले में भारत का नंबर पहला था।




यह सच है कि इंटरनेट के जरिये बहुत सारी अफवाहें और झूठी खबरें फैलाई जाती हैं। अशांति और दंगों को भड़काने में भी इसकी भूमिका कई बार उजागर हो चुकी है। मगर इंटरनेट ठप करने जैसा कदम कितना प्रभावी होता है, इसकी कोई प्रामाणिक जानकारी हमारे पास नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने के बाद जब कश्मीर में इंटरनेट सेवाएं बाधित की गई थीं, तो कुछ दिनों में पता चला कि वहां बहुत से लोगों ने इंटरनेट के बिना ब्लूटूथ के जरिये मैसेजिंग के विकल्प निकाल लिए हैं। फिर आज इंटरनेट की पहुंच सिर्फ कंप्यूटर और स्मार्टफोन तक नहीं है। हमारे घरों में ऐसे टेलीविजन बढ़ते जा रहे हैं, जो इंटरनेट से ही सिग्नल ग्रहण करते हैं। इंटरनेट के बंद हो जाने का अर्थ इनका बंद हो जाना भी होता है और जब परंपरागत मीडिया थम जाता है, तो फर्जी खबरों के लिए जमीन तैयार हो जाती है।

वैसे इंटरनेट का इस्तेमाल सिर्फ टीवी या मोबाइल तक सीमित नहीं है। ऐसे फ्रिज, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर भी मिल जाएंगे, जो वाईफाई के जरिये इंटरनेट से जुड़ सकते हैं। अपने यहां तो ट्रेनों के परिचालन में भी बड़े पैमाने पर इंटरनेट का इस्तेमाल होता है, हालांकि इंटरनेट की पाबंदी का इस पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि रेलवे के पास संचार का अपना अलग नेटवर्क है। वैसे, दुनिया भर के बहुत से देशों में इंटरनेट सेवा न होने से जल और विद्युत आपूर्ति तक बाधित हो सकती है। यहां तक कि इससे सड़क परिवहन भी रुक जाएगा। और तो और, सिर्फ इतने से ही शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं भी ठप हो सकती हैं।

आठ साल पहले जब दुनिया में बहुत सी चीजें आज की तरह इंटरनेट से नहीं जुड़ी थीं, तब 'ग्लोबल नेटवर्क इनीशिएटिव' नामक संस्था ने एक अध्ययन किया था, जो बताता है कि दुनिया भर में जो बहुत ज्यादा नेट कनेक्टिविटी वाले देश हैं, वहां एक दिन के लिए इंटरनेट सेवा ठप होने का सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी पर 1.9 प्रतिशत तक असर पड़ सकता है। इंटरनेट नागरिक जीवन से भी कहीं ज्यादा हमारी उत्पादन व्यवस्था का आधार बन चुका है। देर सवेर यही भारत में भी होने वाला है। यह मान लिया गया है कि डिजिटल कदमों को उठाते हुए ही हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन सकेंगे। जाहिर है, ऐसी स्थितियों में अगर आप इंटरनेट को ठप करते हैं, तो जितना आपको एक समस्या का समाधान मिलेगा, उससे कहीं ज्यादा समस्याएं सिर्फ इसकी वजह से आपके सामने खड़ी हो जाएंगी। इसलिए जरूरी है कि अशांति के हालात से निपटने के लिए नए रास्ते खोजे जाएं, इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का रास्ता हमें देर सवेर छोड़ना ही होगा।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमें अपनी ओर से पूरा प्रयास करना चाहिए,
पर परिणाम को प्रभु के हाथों में छोड़ देना चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# हिंद-प्रशांत महासागर में भारत को मिलेगी मजबूती

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अमेरिका के रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। खासकर रक्षा मामलों में भारत का रुख अमेरिका की तरफ अधिक केंद्रित होता गया है। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था यानी एसओएसए पर समझौता उसी की एक कड़ी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भारत के लिए 443 करोड़ के रक्षा उपकरणों की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। यह समझौता भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा के दौरान हुआ। इसमें दोनों देशों ने तकनीकी हस्तांतरण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य सहयोग बढ़ाने जैसे कई अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की।

इस समझौते से शांतिकाल, आपात स्थितियों और सशस्त्र संघर्षों में आपूर्ति शृंखला मजबूत होगी। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधी उत्पादों के अधिग्रहण में आसानी होगी। माना जा रहा है कि इससे रक्षा क्षेत्र में भारतीय और अमेरिकी कंपनियों के बीच निवेश और साझेदारी के नए रास्ते खुलेंगे। भारत अब उन घरेलू कंपनियों की सूची तैयार करेगा, जो अमेरिका को सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगी। इससे आने वाले वर्षों में भारतीय कंपनियों के लिए महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर मिलने की उम्मीद है।

भारतीय सेना लंबे समय से अत्याधुनिक उपकरणों की कमी की शिकायत करती रही है। इसके मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमानों, पनडुब्बियों, मिसाइलरोधी उपकरणों आदि की खरीद करके सेना को मजबूत बनाने का प्रयास हुआ है। मगर बदलती जरूरतों के मुताबिक अभी सेना को और सशक्त बनाने की जरूरत महसूस की जाती है। हालांकि भारत को सबसे अधिक खतरा चीन से रहता है। पिछले कुछ वर्षों से चीन जिस तरह भारत को धमकाने और चालाकी से थल और जल क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता देखा जाता है, इसके चलते दोनों देशों के बीच अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है, उसमें जमीन और आसमान से मार करने वाले अत्याधुनिक हथियारों के अलावा समुद्र में प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत पर सदा से बल दिया जाता रहा है। अमेरिका के साथ हुए ताजा समझौते में हिंद-प्रशांत में सुरक्षा बढ़ाने पर अधिक जोर है। इस सौदे में खरीदी जाने वाली पनडुब्बियां भारतीय सेना के लिए काफी मददगार साबित होंगी।



अमेरिका के साथ रक्षा आपूर्ति व्यवस्था संबंधी समझौते का बड़ा लाभ यह होगा कि विषम परिस्थितियों में भी अमेरिका भारत को रक्षा सहयोग देने से इनकार नहीं कर सकेगा। हालांकि बदलती वैश्विक स्थितियों में किसी भी देश के साथ लंबे समय तक सकारात्मक संबंधों का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता।

रक्षा क्षेत्र में भारत का बल आत्मनिर्भर बनने पर है। इसके लिए अनेक सफल प्रयास भी हुए हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक के निर्माण में सफलता मिली है। हल्के हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी तकनीक से उन्हें विकसित करने में काफी हद तक कामयाबी हासिल हुई है। रक्षा उपकरणों के उत्पादन में अनेक निजी कंपनियों के लिए भी रास्ता खोल दिया गया है। दरअसल, अब रक्षा उपकरणों का निर्माण केवल आंतरिक जरूरतों का मामला नहीं रह गया है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का भी बड़ा आधार बन चुका है। ऐसे में अमेरिका के साथ हुए समझौते से भारत के लिए यह अवसर बनेगा कि वह निजी कंपनियों को अमेरिका के लिए आपूर्ति किए जा सकने वाले रक्षा उपकरणों के उत्पादन को प्रोत्साहित करे। इससे दूसरे देशों को रक्षा सामग्री की आपूर्ति का बाजार भी खुलेगा।

# महाराष्ट्र का आदर्श गांव, यहां शराब पीना है मना

एक आदर्श गाँव वास्तव में कैसा होता है, एक आदर्श गाँव के लिए वास्तव में क्या करने की आवश्यकता होती है और एक आदर्श गाँव वास्तव में कैसा होता है, ये प्रश्न बहुत से लोग पूछते हैं. लेकिन इन सभी सवालों का जवाब महाराष्ट्र के एक गांव में मिल सकता है.

यह आदर्श गांव धाराशिव जिले के उमरगा तालुका में जेकेकुरवाड़ी है. इस गांव के सरपंच अमर सूर्यवंशी हैं। अमर सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में, गाँव में केवल 4 वर्षों में एक बड़ा परिवर्तन आया है. इस गांव में शराब पीने वाले लोगों का प्रवेश वर्जित है. साथ ही गांव में शराब

**जरा हट के**

लाना भी प्रतिबंधित है. गांव में गुटखा खाना और बेचना भी प्रतिबंधित है.

### शाम को बंद कर दिए जाते हैं टीवी और मोबाइल

इसके अलावा वर्तमान समय में सोशल मीडिया का भी



जमाना है. हर किसी के पास मोबाइल फोन है. यही कारण है कि अधिकांश युवा लड़के-लड़कियां, माता-पिता, पुरुष और महिलाएं अपने मोबाइल फोन पर वीडियो देखने में अपना समय बर्बाद करते हैं. इसलिए इस गांव में शाम 6 से 8 बजे तक टीवी और मोबाइल फोन बंद कर दिए जाते हैं. विद्यार्थी पढ़ाई कर सकें इसलिए यह गतिविधि क्रियान्वित की गई है.

गांव में भूमिगत नाली, जनभागीदारी से वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए बेंच, नारियल के पेड़ और हाल ही में सरपंच अमर सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने इस साल साढ़े पांच हजार पेड़ लगाए हैं. गाँव के सभी नागरिक गुन्या गोविंदा में रहते हैं. इस आदर्श गांव में सभी महापुरुषों की जयंती एक साथ मनाई जाती है.

सभी धार्मिक त्यौहार और उत्सव एक साथ मनाये जाते हैं. गांव की समरसता एवं एकता गांव को आदर्श बनाने में बहुत बड़ा सहयोग है. यही कारण है कि महज 4 साल में गांव का कायापलट हो गया और इस तरह यह गांव महाराष्ट्र में एक आदर्श गांव के रूप में जाना जाने लगा है.




# मोहन भोग

■ **सामग्री :**

- 1 लीटर दूध
- घी
- 2 चम्मच काजू
- 2 चम्मच किशमिश
- 1 कप सूजी
- 2 दालचीनी के टुकड़े
- 4 कुटी हुई हरी इलायची और
- 1 कप चीनी की जरूरत होगी।

■ **विधि :**

इसके लिए सबसे पहले कड़ाही में 1 लीटर दूध डालकर गर्म होने के लिए रख दें। तब तक एक पैन में 1 चम्मच घी डालकर गर्म कर लें। घी गर्म होने पर इसमें 2 चम्मच काजू और 2 चम्मच किशमिश डालकर भून कर लें। दोनों चीजें हल्की भुन जाने पर पैन से बाहर निकाल लें और फिर इसी पैन में 1 कप सूजी डालकर मीडियम फ्लेम पर भून लें। हल्की भुन जाने पर पैन में 1/2 कप घी डालें और सूजी में



मिलाते हुए अच्छी तरह चला लें।

सूजी का रंग हल्का लाल हो जाने पर इसमें 2 दालचीनी के टुकड़े और 4 कुटी हुई हरी इलायची डालकर चला लें।

जब सुजी में हल्का उबाल नजर आने लगे, तब इसमें पहले से गर्म होने रखा दूध मिला लें।

गैस का फ्लेम लो कर दें और सूजी और दूध को अच्छी तरह पकने दें। आपको इसे बीच-बीच में चलाते रहना है। जब ये मिश्रण एकदम गाढ़ा हो जाए, तब इसमें 1 कप चीनी डालें और अच्छी तरह चला लें।

अब, इसमें पहले से भुनी हुई काजू और किशमिल डालकर चला लें।

आप इसपर पिस्ता और अन्य मेवों को बारीक काटकर गार्निश कर सकते हैं। इतना करते ही आपका मोहनभोग बनकर तैयार हो जाएगा। इससे लड्डू गोपाल को भोग लगाएं और फिर आप भी इसे प्रसाद के रूप में खा सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। तनाव का वातावरण बन सकता है।

**वृषभ :** आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मिथुन :** जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

**कर्क :** भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

**सिंह :** शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या :** आज नई कार्य योजना बनेगी। लेकिन तत्काल लाभ नहीं मिल सकेगा। संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है। धन प्राप्ति सुगम होगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज नकारात्मकता बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु :** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। रिश्तेदारी में हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा।

**कुंभ :** आज परिवार तथा मित्रों के साथ मनोरंजक यात्रा का आयोजन होगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। जोखिम न लें।

**मीन :** आज व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। भाग्य का साथ मिलेगा। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# ये 5 लक्षण बताते हैं शरीर में बढ़ गया कोलेस्ट्रॉल!

■ **लापरवाही पड़ सकती भारी**

■ **पहचान कर डॉक्टर की सलाह जरूरी**

हम कितने भी स्वस्थ क्यों न हों, कभी-कभी हमारे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बिना एहसास के भी बढ़ सकता है. ऐसे समय में हमारा शरीर कुछ लक्षण दिखाता है. हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए. दरअसल, हमारे शरीर में दो प्रकार के कोलेस्ट्रॉल होते हैं, अच्छा कोलेस्ट्रॉल और बुरा कोलेस्ट्रॉल. इसमें खराब कोलेस्ट्रॉल शरीर के लिए हानिकारक है. दरअसल, खराब कोलेस्ट्रॉल नसों में बढ़कर धमनियों में रुकावट पैदा कर सकता है. इससे हृदय संबंधी कई गंभीर बीमारियों जैसे कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है. ऐसी स्थिति में कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रण में रखना बेहद जरूरी है.

वैसे तो कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने की जल्दी जानकारी नहीं हो पाती हैं, लेकिन यदि कुछ लक्षणों पर गौर किया जाए तो बीमारी को



शुरुआती स्टेज पर ही पकड़ा जा सकता है. अब सवाल है कि आखिर कैसे पता करें कि शरीर में बढ़ गया है कोलेस्ट्रॉल? क्या हैं इस बीमारी के शुरुआती लक्षण? आइए जानते हैं इस बारे में-

■ **शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के खास लक्षण**

**सांस लेने में दिक्कत:** हेल्थलाइन के मुताबिक, शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए स्तर के शुरुआती लक्षणों में से एक रात में सांस लेने में कठिनाई है. शरीर में बनने वाला खराब कोलेस्ट्रॉल धमनियों को अवरुद्ध कर देता है और हृदय के लिए पर्याप्त रक्त पंप करना कठिन बना देता है. इससे सांस लेने में दिक्कत होती है.

**थकान-कमजोरी:** रात के समय अत्यधिक थकान और कमजोरी भी हाई कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है. वास्तव में, उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर हृदय के लिए रक्त पंप करना कठिन बना देता है. इससे शरीर को पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिल पाती है. इससे आपको थकान महसूस होगी.

**सीने में दर्द:** रात में सीने में दर्द भी खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर बढ़ने का संकेत हो सकता है. दरअसल, जब खराब कोलेस्ट्रॉल धमनियों को अवरुद्ध कर देता है, तो रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है. परिणामस्वरूप, ऑक्सीजन रहित रक्त हृदय तक नहीं पहुंच पाता है. इससे सीने में दर्द होता है.

**हाथ-पैरों में झुनझुनी:** हाथों और पैरों में झुनझुनी उच्च कोलेस्ट्रॉल का संकेत है. दरअसल, कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से रक्त संचार ख़राब हो जाता है. इससे हाथ-पैरों में झनझनाहट होने लगती है.

**ठंडे तलवे:** रात में लेटने पर तलवों का ठंडा होना खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत है. हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण शरीर में रक्त का प्रवाह ठीक से नहीं रहता है. इससे पैर बहुत ठंडे हो जाते हैं.

# बाजार में बस 2 महीने मिलता है ये फल



■ **शुगर और कैंसर के लिए बेस्ट**

■ **चेहरे पर लाता है ग्लो**

फल सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं. फल खाने से शरीर के पोषण की कमी पूरी होती है. लेकिन कुछ ऐसे फल होते हैं जिनका सीजन ही बहुत कम होता है. इन फलों में से ही एक नाम रसभरी का भी है. रसभरी खाने में बहुत स्वादिष्ट लगती है. यह दिखने में चेरी की तरह लगती है बस इसका रंग पीला होता है. आइए जानते हैं इसका सीजन कब आता है.

बाजार में आपको यह फल फरवरी और मार्च के सीजन में अधिक दिखेगा. यह फल हरिद्वार उत्तराखंड से आता है. यह खाने में खट्टा ज्यादा लगता है मीठा कम. अंग्रेजी में इसे केप गूसबेरी कहा जाता है. इसे गोल्डनबेरी के नाम से भी जाना जाता है. केप गूजबेरी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसकी खेती दक्षिण अफ्रीका में बड़े पैमाने पर की जाती है, लेकिन असल में यह पेरू से आती है. यह फल नाश्ते में सलाद में या डेसर्ट में यूज होता है.

WebMD के मुताबिक, इस छोटे से फल के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं. रसभरी के सेवन से आपके चेहरे पर अलग ग्लो आता है. यह आपके पाचन शक्ति को बढ़ाता है. गोल्डन बेरी विटामिन और खनिजों से भरपूर होती है. इसमें कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन ई भरपूर मात्रा में पाई जाती है. यह फल शुगर, कैंसर, गांठिया और मोटापा सहित बीमारियों को दूर रखता है. इसके अलावा यह आपके इम्यूनिटी को बूस्ट करता है. इस फल में मौजूद पोलिफेनॉल्स और केरोटेनिय हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है.

# टॉयलेट में ज्यादा जोर लगाने से भी आ सकता है हार्ट अटैक !

■ **वैज्ञानिकों ने किया हैरान करने वाला खुलासा**

टॉयलेट में ज्यादा जोर लगाने से आपकी मौत हो सकती है. यह सुनकर आपको हैरानी हो रही होगी, लेकिन यह खुलासा एक हालिया रिसर्च में हुआ है. ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने हजारों लोगों के डाटा का विश्लेषण करने के बाद यह सनसनीखेज दावा किया है. वैज्ञानिकों की मानें तो कब्ज और हार्ट अटैक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं. कब्ज वाले मरीजों को दिल के दौरे का खतरा कई गुना ज्यादा होता है.

ऑस्ट्रेलिया में की गई इस स्टडी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के 540,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया, जिन्हें अलग-अलग परेशानियों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसमें पाया गया कि कब्ज वाले मरीजों में उसी उम्र के गैर-कब्ज वाले मरीजों की तुलना में हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा अधिक था. करीब 900,000 से अधिक लोगों पर किए गए एक डेनिश अध्ययन में भी यही पाया गया था.

वैज्ञानिकों की मानें तो अभी यह साफ नहीं है कि क्या कब्ज और दिल के दौरे और स्ट्रोक के बढ़ते जोखिम के बीच यह संबंध अस्पताल के बाहर स्वस्थ लोगों के लिए सही होगा. इन ऑस्ट्रेलियाई और डेनिश रिसर्च में हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली दवाओं के प्रभावों को भी शामिल नहीं किया गया, जिससे लोगों को कब्ज की परेशानी हो



सकती है. हालांकि कुछ रिसर्च में इन दवाओं के असर के परिणाम भी सामने आए हैं.

मोनाश यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में हाल ही में किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में कब्ज और सामान्य आबादी में दिल के दौरे, स्ट्रोक और हार्ट फेल होने के बढ़ते जोखिम के बीच संबंध पाया गया है. शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक के डेटा का विश्लेषण किया, जो यूनाइटेड किंगडम में लगभग पांच लाख लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का एक डेटाबेस है. शोधकर्ताओं ने कब्ज के 23,000 से अधिक मामलों की पहचान की और हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के लिए दवाओं के प्रभाव का हिसाब लगाया, जिससे कब्ज हो सकता है.

कब्ज से पीड़ित लोगों में बिना कब्ज वाले लोगों की तुलना में दिल का दौरा, स्ट्रोक या हार्ट फेल होने की संभावना दोगुनी थी. शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर और कब्ज के बीच एक मजबूत संबंध पाया. हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित जिन व्यक्तियों को कब्ज की भी शिकायत थी, उनमें केवल हाई बीपी वाले लोगों की तुलना में हार्ट अटैक का जोखिम 34% अधिक था. अध्ययन में केवल यूरोपीय लोगों के डेटा को देखा गया. हालांकि यह माना जा सकता है कि कब्ज और दिल के दौरे के बीच का संबंध अन्य आबादी पर भी लागू होता है.

एक जापानी अध्ययन में सामान्य आबादी में 45,000 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया. इसमें पाया गया कि जो लोग हर दो से तीन दिन में एक बार मल त्याग करते हैं उनमें हृदय रोग से मरने का जोखिम उन लोगों की तुलना में अधिक होता है जो दिन में कम से कम एक बार मल त्याग करते हैं. पुरानी कब्ज के कारण मल त्यागते समय जोर लगाना पड़ सकता है. इसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई हो सकती है और ब्लड प्रेशर में वृद्धि हो सकती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### खाने की शिकायत करने पर नाराज हुए शिक्षक और प्रबंधक, छात्र की बेरहमी से की पिटाई,

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर में के एक स्कूल में बच्चे को शिक्षक और प्रबंधक ने बुरी तरह पीटा। बच्चे ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने चांदपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बच्चे की पिटाई के बाद परिजनों ने मेडिकल भी कराया। पुलिस ने प्रबंधक और शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, बच्चा भी काफी सहमा हुआ है। अमरोहा जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले शख्स का 12 साल का बेटा चांदपुर थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। वह स्कूल के हॉस्टल में रहकर ही पढ़ाई करता है। पिता रविवार और सोमवार का अवकाश होने पर शनिवार को बच्चे को लेने स्कूल पहुंचे तो प्रबंधक ने मना कर दिया। इस पर बच्चे के पिता जबरदस्ती उसको स्कूल से घर ले आए। रविवार को जब बच्चे ने नहाने के लिए कपड़े उतारे तो उसके शरीर पर काफी चोट के निशान थे। परिजनों के काफी पूछने पर उसने बताया कि एक शिक्षक ने उसके साथ मारपीट की है।

### पुलिसलाइन में खून से लथपथ सिपाही का शव मिला, औंधेमुंह पड़ी लाश देख अफसर भी हैरान

**सहारनपुर.** पूरे देश में जन्माष्टमी की धूम मची है। हर जिले में कृष्ण जन्माष्टमी को सबसे ज्यादा रौनक पुलिस लाइन में देखने को मिलती है। सहारनपुर में पुलिस लाइन में जन्माष्टमी के दिन सोमवार को एक सिपाही की खून से लथपथ लाश मिली है। अधिकारी भी औंधे मुंह पड़े शव को देखकर हैरान हैं। मौत के कारणों पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। फोरेंसिक टीम जांच में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार आगरा का रहने वाला सिपाही रविवार की शाम सहारनपुर से बंदियों को छोड़ने नोएडा गया था। वहां से देर रात लौटने के बाद पुलिस लाइन स्थित अपनी बैरक में पहुंचा था।

### जीजा-साले की हवस का शिकार बनी युवती

**रामपुर.** रामपुर से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक किशोरी को नशे की गोलियां खिलाकर साले-जीजा ने रेप किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी साले-जीजा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं,पीड़िता को मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। ये घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। एक झोलाछाप युवक अपनी ननिहाल में रहकर क्लीनिक के साथ परचून की दुकान भी चलाता है। आरोपी युवक ने पास में ही रहने वाली एक किशोरी को अपने क्लीनिक में बुला लिया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी को नशीली गोलियां खिला दी। बेहोशी की हालत में युवक ने अपने जीजा के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। रात करीब दो बजे होश आने पर किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन आरोपी के क्लीनिक पर पहुंचे तो दोनों मौके से फरार थे। बाद में परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे और जानकारी पुलिस को दी।

### सास के ऊपर भूत का साया, आए दिन मारपीट करती है...बहू की बातें सुनकर पुलिस भी हैरान

**आगरा.** आगरा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक बहू को अपनी सास से इस कदर डर लगता है कि वह ससुराल में नहीं रहना चाहती। आरोप है कि सास पर अचानक कोई सवार हो जाता है। उस दौरान वह मारपीट करती है। बाद में सब कुछ भूल जाती है। जिस दौरान सास का यह रूप होता है अन्य परिजन हाथ जोड़कर सिर झुका लेते हैं। सास के इस भूत को पुलिस ने उतारने का फैसला लिया है। अगली तारीख पर सास को परिवार परामर्श केंद्र में बुलाया गया है।

# बंटेंगे तो कटेंगे

## सीएम योगी ने चेताया - बांग्लादेश वाली गलती न करें, एक रहेंगे नेक रहेंगे



**आगरा.** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा में लोगों को बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए चेताया कि बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है। राष्ट्र तभी सशक्त होता जब हम एक रहेंगे और नेक रहेंगे। आप बांग्लादेश में देख रहे हैं। वह गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। हमें विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करना है।

सीएम योगी ने आगरा में जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्गादास राठौर की प्रतिम का अनावरण करते हुए कहा कि आगरा के कण-कण में कन्हैया का वास है। यहां कला है, आस्था है, समर्पण है, विश्वास है। ये ही राष्ट्र की निष्ठा बढ़ाती है। सीएम योगी ने कहा कि समाज, जाति, भाषा के नाम पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहना होगा। योगी ने कहा कि आगरा में धोखेबाज औरंगजेब ने तोड़ने का कार्य किया। दस साल से वीर दुर्गादास की प्रतिमा मेरा इंतजार कर रही थी। आज 10 साल बाद यह काम पूरा हो पाया है। कृष्ण के जन्म के दिन आगरा आया हूं। यहां के कण कण में राधा कृष्ण हैं।

सीएम योगी ने राष्ट्रवीर दुर्गादास के इतिहास पर प्रकाश डालने के साथ-साथ काकोरी कांड के नायकों के इतिहास पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब काकोरी कांड के नायक पंडित बिस्मिल को फांसी दी जा रही थी तब अंग्रेजों ने पूछा था कि तुम्हारी आखिरी इच्छा क्या है। तब उन्होंने कहा कि धारा पर मैं 100 बार जन्म लूं और हर बार देश और समाज की रक्षा के कारण ही मृत्यु मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा।

### कृष्ण कन्हैया लाल की जय!

इससे पहले सीएम योगी मथुरा-वृंदावन भी पहुंचे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मौके पर उमड़ी भीड़ के बीच योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय मथुरा प्रवास में दूसरे दिन सोमवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे और उन्होंने ठाकुर केशवदेव, गर्भगृह एवं भागवत भवन के युगल सरकार का दर्शन व पूजन कर जगत कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते से संस्कृत के एक श्लोक के साथ पोस्ट किया .... "भुवो भरावतारकं भवाब्धिकर्णधारकं यशोमतीकिशोरकं नमामि चित्तचोरकम्। दृगन्तकान्तभङ्गिनं सदासदालसङ्गिनं दिने दिने नवं नवं नमामि नन्दसम्भवम्॥"

योगी ने पोस्ट में कहा, "पावन नगरी मथुरा में आज योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और श्री राधा रानी के दिव्य और मनोहारी स्वरूप के दर्शन-पूजन किए। दुःखभंजन, यशोदानंदन, भगवान श्रीकृष्ण एवं श्री राधा जी की अनुकम्पा संपूर्ण सृष्टि पर बनी रहे, चराचर जगत का कल्याण हो। कृष्ण कन्हैया लाल की जय! वृंदावन बिहारी लाल की जय!"

## कोलकाता रेप-मर्डर केस

# आरोपी संजय ने जुर्म कबूला

- पॉलीग्राफ टेस्ट में कहा- घटना से पहले शराब पी, रेडलाइट एरिया गया, गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगीं



**कोलकाता.** कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था। घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं। पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

### 3 घंटे पॉलीग्राफ टेस्ट, संजय ने कहीं 3 बातें...

1. **CBI** और सेंट्रल फोरेंसिक टीम के मेंबर्स ने रविवार (25 अगस्त) को 3 घंटे संजय का पॉलिग्राफ टेस्ट किया। संजय ने कबूला कि उसी ने ट्रेनी डॉक्टर का रेप करने के बाद हत्या की थी।
2. संजय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान **CBI** को बताया कि उसने 8 अगस्त को अपने एक दोस्त के साथ शराब पी थी। इसके बाद वह रेड लाइट एरिया गया। रास्ते में उसने एक लड़की को मॉलेस्ट किया। इसके बाद संजय ने देर रात अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात की न्यूड तस्वीरें मांगीं।
3. संजय ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे संजय हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल पहुंचा, जहां ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद वह सुबह अपने दोस्त के घर गया। उसका दोस्त कोलकाता पुलिस में ऑफिसर था।

# केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनेंगे

- जिलों की संख्या बढ़कर 7 होगी
- पीएम बोले- अब विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (26 अगस्त) को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में 5 नए जिले बनाने की घोषणा की। नए जिलों का नाम जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होगा।

नए जिलों की घोषणा से पहले लद्दाख में केवल दो जिले थे, लेह और कारगिल। अब इनकी संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी।

अमित शाह ने X पर लिखा- मोदी सरकार ने लद्दाख में नए 5 जिले बनाने का फैसला लिया है। सरकार हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए मौके बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया था। आर्टिकल-370 निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना था।

# Paytm के बॉस विजय शेखर शर्मा को सेबी का नोटिस

- औंधे मुंह गिरे कंपनी के शेयर
- धड़ाधड़ होने लगी बिक्री



**नई दिल्ली.** मार्केट रेगलुटर सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन्स लिमिटेड के फाउंडर विजय शेखर शर्मा और आईपीओ के समय बोर्ड मेंबर्स रहे लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार यह नोटिस गलत जानकारी पेश करने के मामले से जुड़ा है। पेटीएम का आईपीओ नवंबर 2021 में आया था। बता दें कि कंपनी के शेयरों में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली है। पेटीएम के शेयर शुक्रवार की क्लोजिंग की तुलना में 9 प्रतिशत तक टूट गए हैं।

पेटीएम को जारी किए गए इस नोटिस में प्रमोटर क्लासिफिकेशन नियमों को कथित तौर पर ना मानने के मामले से जुड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार यह जांच रिजर्व बैंक की तरफ से मिले इनपुट के आधार पर शुरू की गई थी। बता दें, पेटीएम पेमेंट्स बैंक की जांच के बाद इस साल के शुरूआत में रिजर्व बैंक ने कड़ा एक्शन लिया था।

रिपोर्ट के अनुसार सेबी के नोटिस का मुख्य बिंदु यह है कि क्या विजय शेखर शर्मा को प्रमोटर्स के तौर पेश किया जाना चाहिए था। जब कंपनी का आईपीओ आया था तब उनके पास सिर्फ एक कर्मचारी के बजाए मैनेजमेंट का कंट्रोल भी था। सेबी ने इसीलिए उस समय के डायरेक्टर्स को भी नोटिस जारी किया है। सेबी ने अपने नोटिस में उन लोगों से सवाल किया है कि विजय शेखर शर्मा के इस कदम का समर्थन क्यों किया था। सेबी के नियमों के अनुसार अगर विजय शेखर शर्मा प्रमोटर्स पेश किए जाते तो वो एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन्स (ESOPs) के लिए योग्य नहीं रह जाते।

# जम्मू-कश्मीर में BJP ने बदला ट्रैक

- पहली ही लिस्ट में 50 फीसदी से ज्यादा मुसलमान उम्मीदवार

**नई दिल्ली.** जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी गई है, जिसमें 44 नामों को शामिल किया गया है। खास बात है कि पार्टी ने पहली सूची में 14 मुस्लिम उम्मीदवारों को भी मौका देने का फैसला किया है। 90 सीटों वाले जम्मू और कश्मीर में लगभग एक दशक के बाद पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं।

- इन मुस्लिम उम्मीदवारों को दिया मौका

भाजपा की पहली सूची में 14 मुस्लिम उम्मीदवार हैं। इनमें पाम्पोर से सैयद शौकत गयूर अंद्राबी, राजपोरा से अर्शीद भट्ट, शोपियां से जावेद अहमद कादरी, अनंतनाग पश्चिम से मोहम्मद रफीक वानी, अनन्तनाग से सैयद वजाहत, श्रीगुफवाड़ा बिजबेहरा से सोफी यूसुफ, इन्दरवल से तारिक कीन, बनिहाल से सलीम भट्ट को मौका दिया है।



संभावनाएं जताई जा रही हैं कि भाजपा 60-70 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर एक बैठक हुई थी, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत कई बड़े नेता शामिल थे।

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, जम्मू और कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके तहत 18 सितंबर को पहले, 25 सितंबर को दूसरे और 1 अक्टूबर को तीसरे चरण की वोटिंग होना है। वहीं, चुनाव के नतीजों का ऐलान 4 अक्टूबर को होगा। साल 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

# मर्डर के आरोपी एक्टर दर्शन जेल में सिगरेट पीते दिखे

## 7 अफसर सस्पेंड; कर्नाटक CM का दूसरी जेल में शिफ्ट करने का आदेश

**बेंगलुरु.** फैन रेणुकास्वामी के मर्डर केस में बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में बंद कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा एक बार फिर से चर्चा में हैं। एक्टर की हाल ही में जेल से एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वे 3 लोगों के साथ चाय-सिगरेट पीते दिख रहे हैं।

इस पर विवाद बढ़ने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 26 एक्टर को तुरंत दूसरी जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया। डीजीपी (DGP) मालिनी कृष्णमूर्ति से कहा कि वे जेल विजिट कर इस केस की पूरी रिपोर्ट सौंपें।



### DGP ने सस्पेंड किए 7 अधिकारी

डीजीपी ने जेल विजिट की और परप्पना अग्रहारा जेल के 7 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। इनमें जेलर शरण बसवा, प्रभु एस खंडेलवाल, असिस्टेंट जेलर एल एस थिप्पेस्वामी और श्रीकांत तलवार, हेड वॉर्डन वेंकप्पा कोडती और संपत कुमार कडपट्टी व वार्डन बसप्पा केली शामिल हैं।

### होम मिनिस्टर बोले- रिपोर्ट मिलने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

राज्य के गृह मंत्री जी.परमेश्वरा ने कहा, 'मैंने मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सस्पेंड किए गए सात अधिकारियों को इस मामले में दोषी पाया गया है। वरिष्ठ जेल अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाएगा और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'

# अस्पताल की 5वीं मंजिल से मरीज ने लगाई छलांग

- सिर फटने से हुई मौत, माइग्रेन की थी शिकायत
- ओडिशा से इलाज कराने रायपुर आया था

**रायपुर.** रायपुर के मेडलाइफ अस्पताल से कूदकर एक मरीज ने जान दे दी है। मरीज ओडिशा से रायपुर इलाज के लिए आया था। उसे माइग्रेन की शिकायत थी। रविवार शाम को अचानक उसने पांचवी मंजिल से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरते ही उसका सिर फट गया और मौत हो गई। फिलहाल सुसाइड की वजह साफ नहीं हो पाई है। घटना तेलीबांधा थाना इलाके की है।

पुलिस के मुताबिक, 60 साल का राम बिस्वाल 22 अगस्त को अपने परिचित के साथ रायपुर आया था। उसे मेडलाइफ अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती किया गया था। उसका एक अटेंडेंट रविवार दोपहर तक उसके साथ मौजूद था, फिर वह घर चला गया था। जिसके बाद राम बिस्वाल अकेला था।

# अरुण जेटली के बेटे रोहन बन सकते हैं BCCI सेक्रेटरी

- जय शाह के ICC चेयरमैन बनने पर हो सकती है नियुक्ति
- बोर्ड मेंबर्स उनके नाम पर सहमत

DDCA के प्रेसिडेंट रोहन जेटली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के नए सेक्रेटरी बन सकते हैं। भास्कर के सूत्रों के मुताबिक बोर्ड के मौजूदा सेक्रेटरी जय शाह के ICC चेयरमैन बनने पर रोहन ही उनकी जगह लेंगे।

सूत्रों ने बताया कि रोहन जेटली का नाम बोर्ड के सेक्रेटरी बनने की रेस में सबसे आगे है। रोहन के नाम पर सभी सहमत हैं। प्रेसिडेंट रोजर बिन्नी सहित अन्य पदाधिकारी अपने-अपने पद पर बरकरार रहेंगे, क्योंकि उन सभी का कार्यकाल एक साल बाद पूरा हो रहा है।

BCCI के मौजूदा सेक्रेटरी जय शाह का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) चेयरमैन बनना लगभग तय है। वे 26 अगस्त की शाम तक नामांकन भर सकते हैं। ऐसे में शाह को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की पोस्ट छोड़नी होगी। ICC के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को खत्म हो रहा है।



### 16 में 15 मेंबर्स का सपोर्ट

बताया जा रहा है कि जय शाह के पास ICC में लगभग सभी मेंबर का सपोर्ट है। उनके पास ICC बोर्ड के 16 में से 15 मेंबर का सपोर्ट है। ICC के नियमों के अनुसार चेयरमैन के चुनाव में 16 डायरेक्टर वोट देते हैं। ऐसे में चेयरमैन बनने के लिए 9 वोट मिलना आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था।

### रोहन जेटली दावेदार क्यों, 3 वजह

**1. BCCI में मजबूत पकड़**

रोहन **BJP** के पूर्व दिग्गज नेता अरुण जेटली के बेटे हैं। अरुण का **BCCI** में अच्छा दखल रहा है। ऐसे में रोहन की भी पकड़ मजबूत है।

**2. अनुभवी स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर**

रोहन जेटली दो बार दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (**DDCA**) के प्रेसिडेंट रह चुके हैं। ऐसे में जेटली अनुभवी स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर हैं। उनकी लीडरशिप में दिल्ली के अरुण जेटली मैदान ने 5 वर्ल्ड कप मैच होस्ट किए हैं।

**3. दिल्ली प्रीमियर लीग का सफल आयोजन**

रोहन जेटली की लीडरशिप में दिल्ली प्रीमियर लीग का आयोजन हुआ है। लीग में ऋषभ पंत, ईशांत शर्मा, नीतीश राणा, यश धुल, आयुष बडोनी और ललित यादव जैसे बड़े नाम हिस्सा ले रहे हैं।

# हिमाचल के मणिमहेश में उमड़ा आस्था का सैलाब

- 1 लाख श्रद्धालु पहुंचे, 12 किमी लंबा जाम
- सुबह से चल रहा शाही स्नान

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत की पवित्र एवं पावन मणिमहेश यात्रा के लिए हिमाचल के भरमौर में भारी जन सैलाब उमड़ आया है। पिछले 24 घंटे में एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु भरमौर से मणिमहेश के लिए रवाना हो गए हैं, जहां पर सुबह 3:40 बजे से शाही स्नान चल रहा है। माना जा रहा है तब तक एक लाख से ज्यादा शिव भक्त डल में डुबकी लगाएंगे। शाही बड़ा स्नान राधा अष्टमी के अवसर पर यानी 11 सितंबर को होगा।

देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालु हर हर महादेव का जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। ज्यादातर श्रद्धालु पैदल चल कर मणिमहेश पहुंच रहे हैं। इसी के साथ आज से आधिकारिक तौर पर मणिमहेश यात्रा शुरू हो गई है।

हालांकि सरकार ने भरमौर से मणिमहेश के लिए हेली टैक्सी सेवा भी शुरू कर रखी है। मगर इसकी उड़ान में खराब मौसम बाधा उत्पन्न कर रहा है। कुछ श्रद्धालु घोड़े व खच्चरों पर भी इस यात्रा को पूरा कर रहे हैं।

### पहले इतने श्रद्धालु कभी नहीं आए: SDM

SDM भरमौर कुलविंदर सिंह ने बताया कि छोटा शाही स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का सही आंकड़ा कल तक पता चलेगा। मगर रविवार और आज सुबह 10 बजे तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु मणिमहेश के लिए रवाना हो चुके है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग बता रहे कि इससे पहले कभी भी इतनी संख्या में छोटे शाही स्नान को श्रद्धालु नहीं पहुंचे। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण पंजीकरण भी नहीं हो पा रहा है।

# मां-बाप का सिर काटकर मेज पर रखा

## पुलिस पकड़ने आई तो गुनगुनाने लगा गाना; हैवान बेटे की घिनौनी करतूत

**नई दिल्ली.** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हैवान बेटे ने अपने बुजुर्ग माता-पिता का गला रेत दिया। भीषण दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद जब पुलिस उसे पकड़ने आई तो वह खुद को बचाने के लिए पुलिस अधिकारियों के सामने गाना गाने लगा। कातिल बेटे की हरकतें देख एक बार पुलिस भी चौंक गई लेकिन, तुरंत ही पुलिस अधिकारियों ने उसे गोली मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी बेटे पर हत्या का मुकदमा चल रहा है।

कैलिफोर्निया में ऑरेंज काउंटी शेरिफ विभाग के अनुसार, 41 साल के जोसेफ ब्रैंडन गेर्डविल पर अपनी मां एंटोनेट (77) और पिता रोनाल्ड (79) की हत्या करने का आरोप है। इसने किसी बात को लेकर अपने माता-पिता का गला रेत दिया। जोसेफ ने सैन जुआन कैपिस्ट्रानो स्थित अपने घर में मां और पिता का गला काटा और फिर चचेरे भाई को मां-बाप के कटे हुए सिर की तस्वीरें भेजी। इस पर उसके भाई ने तुरंत पुलिस अधिकारियों को फोन किया और मामले की जानकारी दी। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 9 जुलाई को हुई इस घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी जब घटनास्थल पर पहुंचे और घर के अंदर का नजारा देख हक्के-बक्के रह गए।




### कटा सिर मेज पर सजाकर रखा

पुलिस अधिकारियों ने घर में युवक के माता-पिता के क्षत-विक्षत अवस्था में शव पाए। माता-पिता में से एक का कटा हुआ सिर मेज पर सजाकर रखा था। पुलिस को देख आरोपी जोसेफ भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा किया। किसी तरह पुलिस आरोपी को घेरने में कामयाब रही। उसका शरीर माता-पिता के खून से लथपथ था। जब उसने पुलिस पर हमला करने के लिए दौड़ लगाई तो पुलिस अधिकारियों ने उस पर पांच गोलियां चलाई। घायल अवस्था में वह जमीन पर गिर गया तो पुलिस उसे हथकड़ी लगाने लगे।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Shed with compound within the compound of MAHALAXMI SAW MILL, constructed on Chalta Nos. 66, 66-A, 72-A, Sheet No. 31, Near Sai Kripa Apartment, Station Road, Ulhasnagar-4, Dist. Thane, area admeasuring 375 Sq. Yards equivalent to 3375 Sq. Ft. duly fitted with electric connection bearing consumer No. 021514403560 assessed under Municipal Ward No. 50 Property No. 50DI010839800 within the limits of Ulhasnagar Municipal Corporation, (as it is where it is basis), from (1) MRS. DURGA @ INDU DEVIDAS HARYANI, (2) MR. PRAKASH DAMOMAL HARYANI, (3) MR. NARESH DAMOMAL HARYANI,

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 /9422667400

उल्हास विकास



संक्षेप...

## नवी मुंबई में हेरोइन जब्त, 3 गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ (एएनसी) ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 20 लाख रुपये मूल्य की 100 ग्राम हेरोइन जब्त की। एएनसी अधिकारियों ने तुर्भे के एक रिहायशी इलाके में एक फ्लैट पर छापा मारा, जहां से उन्होंने दो भाइयों.. इक्थारुल इरशाद शेख (25) और सत्तारुल इरशाद शेख (22) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने फिरोजाबी हासिम शेख (38) से मादक पदार्थ खरीदा था।

# बदलापुर पीड़िता की मदद के लिए आगे आई सरकार

## परिवार को 10 लाख रुपये और पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बदलापुर में हुई घटना को लेकर राज्य सरकार पीड़िताओं के परिजनों को आर्थिक सहायता देगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से लड़की के परिवार को 10 लाख रुपये देने की भी घोषणा हुई। साथ ही, दूसरे 4 वर्षीय छात्रा के परिजनों को 3 लाख रुपये दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, शिक्षा विभाग ने दोनों लड़कियों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है।

स्कूल एजुकेशन मिनिस्टर दीपक केसरकर ने मीडिया से बातचीत में सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। इस मामले में कामिनी गायकर और निर्मला घुरे को सह-अभियुक्त के तौर पर नामित किया जाएगा।'

शिक्षा मंत्री केसरकर ने सरकार की ओर से नियुक्त 2 सदस्यीय समिति के सुझावों पर अमल करते हुए ये घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया, 'इस घटना की जांच में दोषी पाए गए कुछ अधिकारियों को निलंबित किया गया है। प्रिंसिपल अर्चना अठावले भी सस्पेंड हो चुकी हैं।




जांच के दौरान यह सामने आया था कि उन्होंने कुछ जानकारियां छिपाईं। इस तरह मामले में जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें सीसीटीवी लगाना, रिकॉर्ड को 15 दिनों तक सुरक्षित रखना आदि शामिल है। साथ ही, हर स्कूल में पैनिक बटन लगाने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### बदलापुर की घटना और इस पर राजनीति

मालूम हो कि ठाणे जिले में बदलापुर के एक स्कूल में पुरुष सहायक की ओर से 2 बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया गया था। इस मामले पर विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल बदलापुर मामले का राजनीतिकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। बीजेपी के ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले और विधायक संजय केलकर के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी बारिश के बीच अहिल्यादेवी स्मारक के सामने एकत्र हुए। उन्होंने पीड़ित बच्चियों के लिए शीघ्र न्याय की मांग की। वाघुले ने कहा, 'यह एक गंभीर घटना है, जिसने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को परेशान कर दिया है। हालांकि, एमवीए के नेता इस त्रासदी का राजनीतिकरण करने में व्यस्त हैं। वे महाराष्ट्र को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।'

# UPS लागू करने वाला पहला राज्य बना महाराष्ट्र

- 13.45 लाख सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले



**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने रविवार को केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक के दौरान राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू करने का फैसला किया गया। इस तरह महाराष्ट्र यूपीएस को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है।

कैबिनेट ने नार-पार-गिरणा नदी जोड़ो परियोजना को भी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर सात हजार करोड़ रुपये खर्च आएगा। एकीकृत पेंशन योजना को मोदी सरकार ने शनिवार को मंजूरी दी थी। विपक्षी दल पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से लागू करने की मांग कर रहे थे।

### महाराष्ट्र में 13.45 लाख सरकारी कर्मचारी

केंद्र सरकार ने 2004 में ओपीएस की जगह नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी। महाराष्ट्र में राज्य सरकार के 13.45 लाख कर्मचारी हैं। इनमें से 8.27 लाख कर्मचारी वर्तमान में एनपीएस के अंतर्गत आते हैं। एकीकृत पेंशन योजना उन कर्मचारियों के लिए लागू की जाएगी, जो इस समय एनपीएस के अंतर्गत आते हैं।

# उल्हासनगर मनपा में बड़े ठेकेदारों की बल्ले-बल्ले

- छोटे ठेकेदारों को नहीं मिल रहा काम

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में इन दिनों कुछ बड़े ठेकेदारों का ही बोलबाला लगा हुआ है। 20 लाख के रुपए ज्यादा के जितने भी टेंडर निकल रहे हैं वो सभी उन बड़े ठेकेदारों को मिल रहे हैं जिसमें जय भारत, झा पी व रामचंदानी की कंपनी के नाम बताए गए हैं। इन बड़े ठेकेदारों द्वारा इस तरह से सेटिंग की जाती है कि टेंडर छोटे ठेकेदारों तक काम पहुंच ही न पाए। छोटे ठेकेदारों को अब मनपा में काम मिलना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि सब मिलीभगत से ही अब काम हो रहे हैं। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी इन छोटे ठेकेदारों द्वारा मनपा मुख्यालय के सामने धरना किया गया था और कुछ ही ठेकेदारों को काम दिए जाने से छोटे ठेकेदारों नाराज थे। फिर यह कारोबार शुरू हो गया है अब सुनने में आया है कि यह छोटे ठेकेदार जो 20 लाख से कम का काम करते हैं वो आंदोलन के मूड में है। क्योंकि नेता बड़े ठेकेदारों पर ही मेहरबान है।

# 21 लाख की 106 ग्राम एमडी सहित पिस्टल जब्त

- 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी.** शांतीनगर पुलिस टीम ने 2 अलग-अलग जगहों पर दबिश कर 3 शातिर आरोपी को हिरासत में लेकर 21 लाख 20 हजार रुपये कीमत का 106 ग्राम एमडी व 15 लाख की बी एम डबल्यू कार व पिस्तौल कुल मिलाकर 37 लाख 65 हजार रुपए का मुद्देमाल जप्त किए जाने में सफलता हासिल की है.

शांतिनगर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड ने बताया कि,तड़ीपार आरोपी मो. अजीज शेख को एमडी विक्री में लिप्त होने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक



गायकवाड, पुलिस निरीक्षक विनोद पाटील के मार्गदर्शन में जांच टीम में शामिल सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे के नेतृत्व में पुलिस हवलदार रिजवान सैय्यद,श्रीकांत धायगुडे, पुलिस सिपाई मनोज मुके,दिपक सानप,रूपेश जाधव,प्रशांत बर्वे ने जाल बिछाकर गिरफ्तार कर उसके पास से 11 लाख 20 हजार रुपये कीमत की 56 ग्राम एमडी जप्त किया. दूसरी घटना में नाशिक से 2 लोगों द्वारा एमडी लाने की सूचना मुखबिर से मिलते ही पुलिस टीम ने तलाशी अभियान के दौरान एक संदेहास्पद बीएम डबल्यु कार में बैठे 2 लोगों की तलाशी लिया तो उनके पास से 10 लाख रुपये कीमत की 50 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुई.पुलिस टीम ने कार सवार नासिक रोड निवासी मुज्जफर मोबिन शेख व समीर फिरोज रोकडीया को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस टीम ने आरोपी समीर रोकड़िया का मोबाइल चेक किया तो मोबाइल में पिस्तौल हाथ में लेकर वीडियो वायरल किया मिला तो पुलिस उसको लेकर नासिक स्थित घर गई.पुलिस ने उसके नाशिक रोड घर से 45 हजार रुपये कीमत की पिस्तौल व 1 लाख रुपये कीमत के 2 मोबाईल बीएम डबल्यु कार आदि कुल मिलाकर 37 लाख 65 हजार रुपये का मुद्देमाल जप्त किया है.

## 'लाडली बहना' के दूसरे चरण में ठाणे की 1 लाख महिला हुई पात्र

**ठाणे.** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री मेरी प्यारी बहना योजना के लिए आवेदन पत्र जमा करने वाली महिलाओं के दूसरे चरण जांच करने के लिए अधिकारी व कर्मचारी दिन रात काम कर समय पर पूरा किया।इस योजना के लिए अब लाभार्थी महिलाओं की संख्या लगभग 2 लाख हो गई है।मनपा आयुक्त सौरभ राव के दिए निर्देशानुसार मनपा अधिकारी व कर्मचारियों ने यंत्रणा के मदद से मनपा के तीन सभागृह में आवेदन पत्र का छटनी हुआ।इन जगहों पर तीन अलग अलग पाली में कार्य को पूरा किया गया और इसका ऑनलाइन जांच हुआ।अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे के नेतृत्व में उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे, उपायुक्त (समाजविकास) अनघा कदम, कार्मिक अधिकारी दयानंद गुंडप, एकात्मिक बालविकास परियोजना अधिकारी विवेक चौधरी ने हर पाली में आवेदन पत्र की जांच पड़ताल की निगरानी की।इसके लिए मनपा के नौ प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त का भी सहयोग रहा।राज्य सरकार के मुख्यमंत्री मेरी प्यारी बहना महत्वाकांक्षी योजना के लिए मनपा प्रभाग समिति के अंतर्गत 137 मदद केंद्र शुरू किया गया है।

# यूथ फेस्टिवल में SST कॉलेज का डंका





**उल्हासनगर.** कॉलेज जीवन में शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने और समग्र विकास करने का मौका मिलता है। यह न केवल कॉलेज स्तर पर बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर भी छात्रों को एक अलग स्तर का आत्मविश्वास देता है। हाल ही में शुरू हुए मुंबई युनिव्हर्सिटी के 57वें यूथ फेस्टिवल में एसएसटी कॉलेज के संजीवनी सांस्कृतिक विभाग के प्रतियोगियों को एक बार फिर इसका एहसास हुआ। युवा महोत्सव का पहला दौर, जो नृत्य, संगीत और नाटक जैसी विभिन्न कलाओं के लिए गुंजाइश प्रदान करता है, ठाकुर्ली के मंजूनाथ कॉलेज में आयोजित किया गया था। विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार जीत की अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर कई पुरस्कार जीते।

कॉलेज के गायकों ने भारतीय समूह गायन प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार जीता। इस टीम में साहिल इंगले, कबीर कुमार बाल्मीकि, राज जाधव, प्रीति वाघमारे, प्राची सोनवणे, अमनदीप छाबड़ा ने अपने गानों से अवॉर्ड पर अपनी नाम किया। कॉलेजों के कोच अश्विन नायर ने छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की। थिएटर सेक्शन में एसएसटी कॉलेज के अभिनेता ओम जाधव ने मराठी समूह से और ममता गुप्ता ने हिंदी मे एकपात्री अभिनय पेश किया। इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री ने प्रथम पुरस्कार पर अपने नाम की मोहर लगायी। एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने डांस प्रतियोगीता मे अन्य सभी प्रतियोगियों को पिछे छोड और लोक नृत्य के अद्भुत आविष्कार के लिए पुरस्कार जीता। सूरज कदम, श्रवण माली, अंशिका शर्मा, उर्वशी कांबले, अदिति महाले,प्रणाली शिम्पी, पवन गौंड, हर्षल जाधव, जितेश रायपुरे सभी विजेताओं को फाइनल राउंड के लिए चुना गया है। डांस के लिए कोच सनप्पा कांबले और हेमंत ने कड़ी मेहनत की।

कॉलेज के इन प्रतिभाशाली कलाकारों का मार्गदर्शन संजीवनी सांस्कृतिक विभाग के समन्वयक डॉ. तुषार वाकसे और उनके साथी प्राध्यापकों के साथ-साथ नाट्यशास्त्र विभाग के प्रशिक्षक श्री हर्षल सूर्यवंशी और श्री सदान जावरे ने किया। इस सफलता में कॉलेज प्रबंधन द्वारा दिया गया प्रोत्साहन और सहयोग अहम रहा। प्रबंधन, कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वय डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने सभी विजेताओं की सराहना की और उन्हें प्रतियोगिता के अगले राउंड के लिए शुभकामनाएं दीं।



**मुंबई. बिहार के कद्दावर नेता व पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव का मुंबई आगमन हुआ, जिनका सपा नेता लालू यादव, विजय कुमार, रामचरण यादव, मोतीलाल यादव आदि ने स्वागत किया.**






## आम सूचना

मैं श्रीमती विमल बापू माली सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 302, तीसरा मजला, किशू कार्नर, ब्लॉक ए-14, रुम नं. 84, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एआय015043500) उक्त प्रॉपर्टी जसविंदरकौर तेजीदंर सिंग सन्सॉय के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 24.8.2024 सी.नं. 3915/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती विमल बापू माली**

## आम सूचना

मैं श्री महेश परमानंद पंजवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 21, सीडी, 38 चौ.वाल- 342 चौ.फुट, शहद रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 01एआय013941600) उक्त प्रॉपर्टी श्री नंदलाल परमानंद पंजवाणी और अन्य चार जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 25.7.2024 सी.नं. 1001 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री महेश परमानंद पंजवाणी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 4, ग्राऊंड फ्लोर, डायमंड शापिंग सेंटर, शॉप नं. 342-ए, शिवाजी चौक के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 35बीआय006397200) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयकिशन चन्दुरलाल मलूकाणी के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 3.3.2007 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 2, ग्राऊंड फ्लोर, डायमंड शापिंग सेंटर, शॉप नं. 342-ए, शिवाजी चौक के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 35बीआय006397000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती हेमा विशिनदास थावाणी के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 3.3.2007 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा**

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 3, ग्राऊंड फ्लोर, डायमंड शापिंग सेंटर, शॉप नं. 342-ए, शिवाजी चौक के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 35बीआय006397100) उक्त प्रॉपर्टी श्री हासाराम चन्दुरलाल मलूकाणी के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 3.3.2007 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा किशनमल ढोढेजा**

## आम सूचना

मैं श्री रोशनअली नासिरअली खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 2, चाल नं. 1, नीलकमल कॉलोनी, शिव कालोनी के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 57डीओ020004100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती पुष्पा कैन्हयालाल परयानी के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 2.1.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रोशनअली नासिरअली खान**

# रिमी सेन ने 50 करोड़ मुआवजे की मांग की

- कार कंपनी पर दायर किया मुकदमा

हंगामा और गोलमाल जैसी बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस रिमी सेन ने हाल ही में एक कार कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए 50 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की है। एक्ट्रेस ने कहा है कि कंपनी की लापरवाही से किसी की जान जा सकती थी। उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन कंपनी लगातार उन्हें नजरअंदाज करती रही और फिर बुरा बर्ताव करने लगी, जिससे उन्हें मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है।



हाल ही में आई ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रिमी सेन ने जगुआर लैंड रोवर, नवनीत मोटर्स और सतीश मोटर के खिलाफ मुकदमा दायर कर नोटिस भेजा है। रिमी सेन बीते लंबे समय से कार के रियर एंड कैमरे की खराबी का सामना कर रही थीं। टेक्निकल दिक्कतों के चलते 25 अगस्त 2022 में उनकी कार की पीछे की तरफ से एक खंबे से टक्कर हुई थी। जब उन्होंने कंपनी में इसकी शिकायत की तो कंपनी के लोगों द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया और उनसे बुरा व्यवहार किया गया।

एक्ट्रेस ने अपनी शिकायत में कहा है कि कार कंपनी की लापरवाही से उन्हें मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है, जिसके लिए वो 50 करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग करती हैं। मुआवजे के अलावा भी एक्ट्रेस ने लीगल खर्च के 10 लाख रुपए की मांग की है।

शिकायत में एक्ट्रेस ने कहा है, कंपनी और उसकी सर्विस से बेहद निराश हूं। उनका कस्टमर के प्रति घटिया रवैया है। मेरी कार एक पिलर से टकराई, लेकिन उस पिलर की जगह कोई इंसान भी हो सकता था।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099